भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. +143
सोमवार, 29 नवम्बर, 2021/8 अग्रहायण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

तमिलनाडु में एक विरासत को अपनाएं योजना के अंतर्गत स्थलों की स्थिति

+143. **श्रीमती कनिमोझी करुणानिधि:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) तमिलनाडु राज्य में केंद्र सरकार की 'एक विरासत को अपनाएं' योजना के अंतर्गत कवर किए गए स्थलों की स्थिति का ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्ष 2019 से इस विरासत योजना के अंतर्गत आवंटित और तमिलनाडु राज्य द्वारा उपयोग किए गए बजट का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार ने तमिलनाडु राज्य के विरासत स्थलों के विकास और संवर्धन के लिए कोई कदम उठाए हैं या समय-सीमा निर्धारित की है यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) और (ख) एक विरासत अपनाएं परियोजना के तहत, महाबलीपुरम, तमिलनाडु और भगवती मंदिर, चित्राल, तमिलनाडु में सुविधाओं के विकास, उन्नयन और रखरखाव के लिए संभावित स्मारक मित्रों से विज़न बोलियां प्राप्त हुई हैं। उक्त प्रस्तावों की पर्यटन मंत्रालय द्वारा समीक्षा की जा रही हैं। इसके अलावा, धनुषकोडी और पिचावरम में सुविधाओं के विकास, उन्नयन और रखरखाव के लिए संभावित स्मारक मित्रों से रुचि की अभिव्यक्ति प्राप्त हुई है, उक्त प्रस्तावों की पर्यटन मंत्रालय द्वारा समीक्षा की जा रही है।

इसके अलावा एक विरासत अपनाएं परियोजना के तहत, स्मारक मित्र रेशबर्ड टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड (बर्ड हेरिटेज फाउंडेशन) को भारत में 8 प्रतिष्ठित स्थलों (भारतीय पुरात्व सर्वेक्षण स्मारक) के लिए बहुभाषी ऑडियो गाइड के विकास हेतु एक समझौता ज्ञापन प्रदान किया गया है, जिसमें महाबलीपुरम, तमिलनाडु का स्मारक शामिल है।

"ऑडियो ओडिगोस" ब्रांड नाम के तहत बहुभाषी ऑडियो गाइड एप्प एंड्रॉइड और आईओएस दोनों प्लेटफार्मों पर डाउनलोड करने के लिए पर्यटकों हेतु उपलब्ध है।
यह आवेदन हिंदी, अंग्रेजी और जापानी और कोरियाई अन्य अंतरराष्ट्रीय भाषाओं में उपलब्ध है और इसे ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में प्रयोग किया जा सकता है।

अनुबंध

तमिलनाडु में एक विरासत को अपनाएं योजना के अंतर्गत स्थलों की स्थिति के सम्बन्ध में दिनांक 29.11.2021 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. +143 के भाग (ग) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन योजना के तहत तमिलनाडु राज्य में स्वीकृत परियोजना का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	परिपथ	स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	निर्मुक्त राशि	उपयोग की गई राशि	नवीनतम एमपीआर के अनुसार भौतिक प्रगति	नवीनतम एमपीआर के अनुसार वित्तीय प्रगति
1.	तमिलनाडु	तटीय परिपथ	2016-17	(चेन्नई-मम्मल्लापुरम-रामेश्वरम-मनपाडु-कन्याकुमारी) का विकास	73.13	68.6	63.37	100%	89%

तमिलनाडु राज्य में प्रशाद परियोजनाओं का विवरण नीचे दिया गया है:-

चिन्हित किए गए गंतव्य : कांचीपुरम, वेल्लंकानी और रामेश्वरम (तमिलनाडु),

स्वीकृत परियोजनाएं:-

परियोजना का नाम	स्वीकृति वर्ष	परियोजना की लागत	स्थिति
कांचीपुरम का विकास	2016-17	13.99	पूर्ण
वेल्लंकानी का विकास	2016-17	4.86	पूर्ण

******

परियोजना का उद्देश्य सार्वजनिक क्षेत्र, निजी क्षेत्र, ट्रस्टों, गैर सरकारी संगठनों, व्यक्तियों और अन्य हितधारकों की कंपनियों को 'स्मारक मित्र' बनने के लिए प्रोत्साहित करना है और कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के तहत एक स्थायी निवेश मॉडल के संदर्भ में व्यवहार्यता और उनकी रुचि के अनुसार इन स्थलों पर बुनियादी और उन्नत पर्यटक सुविधाओं के विकास और उन्नयन की जिम्मेदारी लेना है। वे इसका संचालन और रखरखाव भी देखेंगे। एक विरासत अपनाएं परियोजना में समझौता ज्ञापनों के तहत पर्यटन मंत्रालय द्वारा धन के आवंटन का कोई प्रावधान शामिल नहीं है।

(ग): पर्यटन मंत्रालय, भारत को समग्र रूप से बढ़ावा देता है। अपनी चल रही गतिविधियों के हिस्से के रूप में , यह देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों और उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए, 'अतुल्य भारत' ब्रांड-लाइन के तहत, विदेशों के महत्वपूर्ण और संभावित बाजारों में वैश्विक प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और ऑनलाइन मीडिया अभियान जारी करता है। मंत्रालय की वेबसाइट और सोशल मीडिया खातों के माध्यम से भी प्रचार किया जाता है। विरासत स्थलों के विकास के लिए तमिलनाडु राज्य में विभिन्न योजनाओं के तहत पर्यटन मंत्रालय द्वारा शामिल किए गये स्थलों का विवरण **अनुबंध** में है।

****